





# 6 डिग्री पर पारा, कोहरे ने थामी वाहनों की रफ्तार

## हाड़ कंपाने वाली सर्दी, कोहरा घना होने से 50 फीट रह गई दृश्यता

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 6 जनवरी।** सोमवार को मौसम के साफ होने का असर मंगलवार को दिखाई दिया। सुबह छह बजे से घने कोहरे और हड्डियों को गलाने वाली सर्दी की वजह से आम जनजीवन प्रभावित रहा। जिसका असर तापमान पर भी दिखा। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री पर आ गया, जो इस सीजन में दूसरी बार दर्ज किया गया। वहीं दिन का तापमान भी 16 डिग्री दर्ज किया गया।

मंगलवार को सुबह 6 बजे से शहर में इतना घना कोहरा छाया कि 15 फीट दूर का नजारा भी आंखों से ओझल हो गया। अमूमन शहर के क्रिकेट ग्राउंड्स व मॉर्निंग वॉक वाले स्थलों पर लोगों की भीड़ नजर आती थी। लेकिन हाड़ कंपाने वाली सर्दी की वजह से इक्का-दुक्का लोग ही सुबह पार्क, ग्राउंड और वॉकिंग प्लेस पर गर्म कपड़ों में लिपटे हुए नजर आए।

दोपहर 11 बजे से 2 बजे तक बर्फीली हवा का प्रवाह इतना तेज था कि बाइक चलाते वक्त हाथों में गलन महसूस हो रही थी। हालांकि 2 बजे के करीब हल्की धूप से थोड़ी राहत जरूर मिली। लेकिन शाम 6 बजे से पुन: बर्फीली हवाओं ने झकझोर कर रख दिया। शाम 7 बजे से कोहरे की चादर ने फिर से अंचल को अपनी चपेट में ले लिया।

# लुई ब्रेल के जन्मदिन पर मेधावी दिव्यांग सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 6 जनवरी।** विकलांगों के लिए वरदान बनी ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल के जन्मदिन के मौके पर 4 जनवरी को विकलांग बल संगठन द्वारा 10वीं एवं 12 वीं कक्षाओं के मेधावी दिव्यांग छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन गणेशपुरा स्थित शासकीय मॉडल स्कूल में हुआ। कार्यक्रम में जिला शिक्षाधिकारी बीएस इंदौलिया मुख्य अतिथि थे। एडीपीसी महेश मावई, विकलांग बल के चंबल संभाग प्रभारी विक्रम सिंह एडवोकेट विशेष रूप से उपस्थित थे। अध्यक्षता विकलांग बल के उप प्रधान हेमंत सिंह कुशवाह ने की। संचालन जिलाध्यक्ष नागेन्द्र खरे ने किया। कार्यक्रम में लुई ब्रेल के चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया गया।

**विकलांग बल संगठन द्वारा किया गया सम्मान**

वक्ताओं ने उनके जीवन पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को संगठन की ओर से पेन, डायरी और ड्रेस भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संगठन ने बीते 19 साल से दिव्यांगजनों के हकों के लिए संघर्षरत हेमंत कुशवाह को पुष्पहार पहनाए और शॉल, पेन, डायरी भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अवधेश कुशवाह, कालीचरण शर्मा, रामखिलाड़ी कुशवाह आदि उपस्थित थे।

**कार्यक्रम में इन छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित**

राशि परमार मुरैना, सोनी शर्मा जौरा, सचिन सिंह पोरसा, हिमांशी सबलगढ़, अंकुर मीणा सबलगढ़, नंदिनी सिकरवार, देवी सिंह रावत सबलगढ़ को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

## एक नजर में



### अंजना अध्यक्ष-प्रभा 'अपना घर' की महिला इकाई की सचिव बनी

**मुरैना, 6 जनवरी।** पीड़ित मानवता की सेवा में समर्पित संस्था अपना घर की मुरैना की महिला इकाई की कार्यकारिणी का गठन 6 जनवरी को संपन्न हुआ। चुनी गई कार्यकारिणी में अंजना अनिल गर्ग को अध्यक्ष और प्रभा प्रमोद अग्रवाल को सचिव बनाया गया है। कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया माधौपुरा की पुलिया स्थित आनंदी महल बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुई। इस बैठक में शहर के प्रतिष्ठित परिवारों की तकरीबन आधा सैकड़ा सेवाभावी महिलाएं उपस्थित रहीं। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अंजना गर्ग-अध्यक्ष, प्रभा अग्रवाल-सचिव, कविता अनिल सिंहल-कोषाध्यक्ष चुने गए है। चुने गए पदाधिकारियों द्वारा जल्द ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। कार्यकारिणी के विस्तार के बाद सेवा कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मारी, दो जख्मी

**मुरैना।** माताबसैया थाना क्षेत्र में किशनपुर गांव के पास बाइक पर सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। जिससे वे दोनों जख्मी हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा मंगलवार की सुबह होना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पेशे से कारपेंटर मोहम्मद सियाउद्दीन 22 पुत्र रहमुद्दीन खान निवासी काजीबसई मंगलवार की सुबह अपने चचेरे भाई राशिद खान 19 पुत्र भूरा खान नि. काजीबसई को साथ लेकर बाइक से मुरैना जाने के लिए निकला था। जब वे दोनों बाइक पर सवार होकर किशनपुर गांव के पास से गुजर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वे दोनों जख्मी हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को जख्मी हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उन्हें उपचार के लिए भर्ती किया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।



### पोरसा में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज होगा

**मुरैना/पोरसा।** कस्बा पोरसा में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन आज 7 जनवरी को होगा। यह कार्यक्रम कस्बे में गांधीनगर स्थित अशासकीय विद्यालय द्रोण अकादमी में होगा। राघवेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में राम भदावर इटावा, गौरव चौहान इटावा, सुरेश अलबेला कोटा राजस्थान, पंकज प्रसून, अजय अंजाम औरैया, चेतन चर्चित पचोर, योग्यता चौहान एटा, महेश डांगरा राजस्थान, पवन तोमर पोरसा सहित अन्य ख्यातिनाम कवि शामिल होकर काव्यपाठ करेंगे।

### पीएम आवास हितग्राहियों को मिलेंगी सभी सुविधाएं : अंजना

**मुरैना/कैलारस।** पीएम आवास योजना से लाभान्वित हुए हितग्राहियों को नगर परिषद कैलारस द्वारा सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगीं। अटल आवासीय परिसर में विद्युत सप्लाई की सुविधा मिलने से वहां रहने वाले लोगों की परेशानी खत्म होगी। यह बात नगर परिषद कैलारस की अध्यक्ष श्रीमती अंजना बृजेश बंसल ने कही। श्रीमती बंसल, सोमवार की शाम को अटल आवासीय परिसर में 51 लाख की लागत से होने वाले विद्युत लाईन के कार्य के भूमिपूजन अवसर पर उपस्थित हितग्राहियों को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद शहर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। अंत में उपस्थित जनसमूह ने नगर परिषद अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए विकास कार्यों को गति देने की मांग की। इस अवसर पर पार्षद वीरेंद्र सोलंकी, सीमा रविन्द्र राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता सियाराम सिंह सिकरवार, अशोक सिंह राणावत, फखरुद्दीन खान, जीत प्रजापति, सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया, उपयंत्री ऐश्वर्य गोयल, निर्माण कंपनी के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 18 को

**मुरैना, 6 जनवरी।** रोटरी क्लब चंबल के तत्वावधान में सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 18 जनवरी को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर और सीनियर केटेगरी में किया जाएगा। जूनियर केटेगरी मे कक्षा-1 से 8वीं तक एवं सीनियर केटेगरी में कक्षा-9 से 12 वीं तक के छात्र-छात्राएं हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता के लिए पंजीयन शुल्क 50 रूपये निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को टेबलेट फोन, दूसरे स्थान पर रहने वाले को साईकिल और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को स्मार्ट वॉच पुरुस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को अपने विद्यालय का पहचान पत्र, आधार कार्ड साथ लेकर आना अनिवार्य होगा।

# स्लीपर बस के ड्राईवर को पीटने वाले 6 पकड़े, निकाला जुलूस

## आरोपियों में ग्वालियर पुलिस टीम पर हमला करने वाला श्यामवीर शामिल, घोषित था 10 हजार का ईनाम



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 6 जनवरी।** विगत 3 जनवरी की रात को गंगापुर हनुमान मंदिर के पास स्लीपर कोच बस को रोककर ड्राईवर के साथ मारपीट करने वाले 6 बदमाशों को पुलिस ने मंगलवार को जनकपुर गांव की रोड से गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार 2 जनवरी की रात को पोरसा से खाटू श्याम जा रही स्लीपर कोच बस क्रं. यूपी80-एफटी-6416 को आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने एनएच-44 हाईवे पर गंगापुर हनुमान मंदिर के पास रोक लिया था। बदमाशों ने बस के ड्राईवर विजय परमार पुत्र महावीर सिंह निवासी रतनपुर बाड़ी, जिला धौलपुर की बेरहमी से मारपीट कर दोनों पैर तोड़ दिए थे। सिविल लाईन पुलिस ने ड्राईवर विजय परमार की रिपोर्ट पर भानु गुर्जर, श्यामवीर, श्रीराम, मंटो, गुरूदयाल जातिगण गुर्जर सहित दो-तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की थी। 6 जनवरी को मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने जनकपुर गांव की रोड से आरोपी श्यामवीर, भानु गुर्जर, मंटो गुर्जर, धर्मेन्द्र, लवकुश उर्फ ब्लैकी एवं योगेन्द्र उर्फ चीकू गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से भानु गुर्जर को एक दिन और श्यामवीर को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजने का आदेश न्यायालय ने दिया।

**श्यामवीर पुलिस टीम पर हमले का आरोपी, 10 हजार घोषित था ईनाम :** स्लीपर बस को रोककर ड्राईवर को पीटने के केस में गिरफ्तार आरोपी श्यामवीर बीते माह ग्वालियर के महाराजपुरा थाने की पुलिस टीम पर जनकपुर गांव में हुए हमले में भी शामिल था। फरार चल रहे श्यामवीर पर पुलिस की ओर से 10 हजार का ईनाम घोषित किया गया था।

**बैरियर चौराहा क्षेत्र में आरोपियों को निकाला जुलूस**

पुलिस टीम जब आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने ले जा रही थी, तभी रास्ते में पुलिस का वाहन खराब हो गया। जिसके बाद पुलिस टीम जुलूस के रूप में आरोपियों को पैदल मार्च कराते हुए पुलिस थाने ले गई।

**गिरफ्तार करने वाली टीम में यह रहे शामिल**

थाना प्रभारी निरीक्षक उदयभान सिंह यादव, निरीक्षक ओपी रावत, एसआई सायबर सैल अभिषेक जादौन, एसआई जितेन्द्र शर्मा, प्र.आर. उदयवीर, सुनील, दुष्यंत सिंह, आर. संजय, सुनील परमार, कुलदीप जाट, विनोद शर्मा, मीरेन्द्र, प्रशांत, मंगल सिंह, रामकिशन बदमाशों को दबोचने वाली टीम में शामिल थे।

# नगर निगम ने शुरू किया पानी की टंकियों का सफाई अभियान

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 6 जनवरी।** नगर निगम द्वारा नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए शहरी क्षेत्र में स्थित पानी की टंकियों की साफ-सफाई का अभियान शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही शहर के अलग-अलग हिस्सों में नगर निगम कर्मचारियों द्वारा लीकेज पाईप लाईनों की मरम्मत का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे ने बताया कि पेयजल सप्लाई लाईनो की मरम्मत और पानी की टंकियों की साफ-सफाई के लिए शहर के अलग-अलग जोनों में चार टीमों को तैनात किया गया है। प्रत्येक टीम रोजाना वार्डों में गली, मौहल्लों का भ्रमण कर लीकेज की मरम्मत और वाटर टेस्टिंग का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि टीमों को मिलने वाली दूषित पानी की शिकायतों का भी तत्काल समाधान किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। वाटर सप्लाई के नोडल अधिकारी ऋषिकेश शर्मा ने बताया कि प्रति दिवस नगर निगम कर्मचारियों द्वारा शहर की बड़ी पानियों की टंकियां की सफाई की जा रही है, जिससे कि शहर वासियों को पीने योग्य शुद्ध जल उपलब्ध हो सके।



# ग्रामीण बोले दबंगों का चरनोई की जमीन-तालाबों पर कब्जा





**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 6 जनवरी।** अंचल में पड़ रही कड़ाके की सर्दी का असर मंगलवार को जनसुनवाई में नजर आया। हर मंगलवार को आवेदकों की संख्या 500 से ऊपर रहती थी, जबकि इस मंगलवार को कलेक्ट्रेट में मात्र 383 आवेदक पहुंचे। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने स्वयं उपस्थित रहकर आवेदकों की समस्याएं सुनी।

**-जनसुनवाई में कलेक्टर ने 383 आवेदकों की सुनी समस्याएं**

सबलगढ़ क्षेत्र के जलालगढ़ पंचायत के जुगतीपुरा गांव से आए ग्रामीणों ने जनसुनवाई में बताया कि टेलरी तहसील में भूमि सर्वे क्र. 81 जो शासकीय भूमि होकर तालाब दर्ज है। इसी प्रकार सर्वे क्रमांक 98 में भी 50 बीघा भूमि चरनोई की जमीन पर दर्ज है। इस जमीन को कल्ला पुत्र कृपाल, वकील पुत्र कृपाल द्वारा जोता जा रहा है। जिससे गांव के निराश्रित मवेशी भूखे-प्यासे घूमकर हादसों को अंजाम दे रहे हैं। इस जमीन चरनोई की जमीन को दबंगों के चंगुल से मुक्त कराया जाए।

**कलेक्ट्रेट में 383, संभागायुक्त भवन में 14 आवेदक आए**

मंगलवार को भीषण सर्दी का प्रकोप जनसुनवाई पर दिखा। कलेक्ट्रेट में अक्सर जनसुनवाई में 500 से अधिक आवेदन आते थे लेकिन इस मंगलवार आवेदकों की संख्या घटकर 383 रह गई। वहीं संभागायुक्त भवन में भी मात्र 14 आवेदक आए, जिनकी समस्याएं अफसरों ने सुनी।

**वार्ड 15 में सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण हटाया जाए**

नगर निगम के वार्ड-15 स्थित शुक्ला कॉलोनी के लोगों ने जनुसनवाई में आवेदन देकर बताया कि हमारे वार्ड में सार्वजनिक रास्ते पर दबंगों ने अतिक्रमण कर लिया है। इतना ही नहीं दबंग अपने निजी बोर से रास्ते पर पानी भर देते हैं, जिससे दलदल जैसा बन जाता है। अतरू आरोपियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

# पीड़ित मानवता की सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/कैलारस, 6 जनवरी।** शीतलहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नगर परिषद कैलारस ने रैन बसेरा का शुभारंभ कर बेघर और जरूरतमंदों को राहत देने का कार्य किया है। सोमवार की शाम बस स्टैंड परिसर स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के टाउन हॉल में नगर परिषद द्वारा रैन बसेरा का उद्घाटन किया गया।

रैन बसेरा का उद्घाटन नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अंजना बृजेश बंसल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे जनसेवा का अवसर मिला है। मैं सदैव जनकल्याण के लिए इसी ऊर्जा और संवेदनशीलता के साथ कार्य करती रहूंगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश जगनेरिया ने बताया कि कोई भी निराश्रित या बेसहारा व्यक्ति कड़ाके की ठंड में परेशान न हो, इसके लिए रैन बसेरा शुरू किया गया है। रैन बसेरा में ठहरने, आराम और सुरक्षा की समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। नगर परिषद के एक कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है। कार्यक्रम में सियाराम सिंह सिकरवार, अशोक राणावत, पार्षद वीरेंद्र सोलंकी, सीमा रविन्द्र राठौर, विनोद पलिया, शम्मा कुरैशी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**नगर परिषद कैलारस ने रैन बसेरा का किया शुभारंभ**

# घर-घर पहुंचे सीएमओ, परखी पेयजल सप्लाई, शुद्धता जांची



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 6 जनवरी।** इंदौर में दूषित पानी से 17 लोगों की मौत के बाद नगरपालिका अंबाह के सीएमओ शारिब कौशर मंगलवार को नगर में पेयजल सप्लाई की व्यवस्था को परखने के लिए निकले। उन्होंने घर-घर जाकर नागरिकों से पेयजल सप्लाई के बारे में जानकारी ली, इस दौरान उनके द्वारा पेयजल की शुद्धता का परीक्षण भी किया गया।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ श्री कौशर ने विभिन्न वार्डों में जाकर पाइपलाइन, पेयजल की टंकियों, नलों एवं जल वितरण प्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान नगर पालिका के तकनीकी कर्मचारियों द्वारा विभिन्न स्थानों से जल के नमूने एकत्र कर वाटर टेस्टिंग के माध्यम से पानी की गुणवत्ता की जांच की गई। इस मौके पर सीएमओ श्री कौशर ने कहा कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल सप्लाई के काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों से लीकेज पाईपलाईन, गंदे पानी की सप्लाई सहित अन्य समस्याओं का त्वरित समाधान किए जाने के निर्देश दिए।

**अंबाह नपा सीएमओ बोले सप्लाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी**


## आम सूचना

श्री छोटू प्रजापति पुत्र श्री रमेश प्रजापति के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित सरदार पटेल (छौंदा), ग्राम डोमपुरा, तहसील एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिक निगम मुरैना वार्ड क्र.44 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 10/2 ग्राम डोमपुरा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भूखण्ड क्र.686, पश्चिम में-रास्ता 25 फुट चौड़ा, उत्तर में-भूखण्ड क्र.696 एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र.694 है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती रामवती पत्नी श्री जसमत सिंह, श्री रामदीन, श्री महेश, श्री नरेश के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती रामवती द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री छोटू प्रजापति पुत्र श्री रमेश प्रजापति को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25792023 ए11576707 दिनांक 11.03.2023 से विक्रय की गई। श्री छोटू प्रजापति द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान चोलामण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फायनेंस कं. लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 3 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरुद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710**

## आम सूचना

श्रीमती ललिता पत्नी श्री सुनील के स्वत्व व स्वामित्व की अचल सम्पत्ति भूखण्ड स्थित ग्राम सांकरा, नगर पंचायत के बाहर, प.ह.नं.56, रा.नि.मं.04 जौरा, तहसील जौरा व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.413 ग्राम सांकरा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भूखण्ड दीगर, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-भूखण्ड जाटव एवं दक्षिण में-भूखण्ड जाटव है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री नरोत्तम, श्री नानिकराम पुत्रगण श्री हरिविलास, श्री राजेश कुमार पुत्र श्री महाराज सिंह, श्री चतुर्भुज पुत्र श्री महाराज सिंह, श्रीमती समथी पत्नी श्री वाघचन्द्र के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री नानिकराम त्यागी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती राजकुमारी पत्नी श्री उम्मेद जाटव को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 2582202100ए1777037 दिनांक 13.09.2021 से विक्रय की गई। श्रीमती राजकुमारी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती ललिता पत्नी श्री सुनील को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी21 आईजीआर 17892025ए100319605 दिनांक 15.05.2025 से विक्रय की गई। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेख दिनांक 13.09.2021 की मूलप्रति गुम हो गई है। श्रीमती ललिता द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान उम्मीद हाउसिंग फायनेंस प्राईवेट लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त विक्रय विलेख दिनांक 13.09.2021 की मूलप्रति प्राप्त हों तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें एवं जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम, निकाय अथवा उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710**